उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट– महाराणा प्रताप स्पोर्टर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in
(दूरभाष / फैक्स–0135–2669658 ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 322/2025–26 दिनांकः 15 सितम्बर, 2025

# विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या–70 / उ0अ0से0च0आ0 / 2024 दिनांक–09 अप्रैल, 2025 में विज्ञापित स्नातक स्तरीय पदों हेतु जारी विज्ञप्ति व आयोग के परीक्षा कार्यक्रम पत्रांक–166 / परीक्षा(गोपन) / 2025–26 दिनांक–24 जुलाई, 2025 के अनुसार स्नातक स्तरीय पदों हेतु लिखित परीक्षा दिनांक–21.09.2025 को समय–11:00 से 01:00 बजे तक एकल पाली में आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा हेतु प्रवेशपत्र आज दिनांक–15.09.2025 से आयोग की वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित कर दिये गये हैं, अभ्यर्थी अपने प्रवेशपत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अन्य किसी माध्यम (जैसे डाक इत्यादि) से प्रवेशपत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेशपत्र पर बार कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को काला बॉल पेन, अपना प्रवेशपत्र एवं पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अपने प्रवेशपत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र का एक दिन पूर्व अवश्य भ्रमण अथवा पता कर लें ताकि परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वर्तमान में प्रदेश में मौसम अनुकूल नहीं रहने के कारण दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले अभ्यर्थी अपने आवागमन की व्यवस्था की दृष्टि से विचार करते हुए लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित स्थान पर प्रवेश पत्र में अंकित समयानुसार पहुंचना सुनिश्चित करें।

डॉ0 (शिव कुमार बरनवाल)
सचिव।